ज़ज्बा

देश सेवा का

सम्मान सच को /सम्मान जज्बे को /सम्मान कलम को /सम्मान जुनून को /सम्मान उस व्यक्तित्व को जो दुसरे के लिए प्रेरणा है /सम्मान उस प्रतिभा का जो स्वं के साथ समाज के लिए समर्पित हो/ सम्मान उन सबको जो खुद के लिए जीना छोड़ चुके हैं/सम्मान उनके स्वाभिमान को/सम्मान उस वास्तविक हिन्दुस्तानी को जो अपने साथ-साथ परिवार ,समाज व् देश के लिए समर्पित है.

ख्वाब फाउंडेशन लगातार पांच वर्षों से ऐसे हिन्दुस्तानी को सम्मान करती आई है जो स्पष्ट/अस्पष्ट रूप से हमारे देश को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका देते आ रहे हो. योगदान का क्षेत्र कुछ भी हो सकता है ,बस ख्वाब फाउंडेशन उनकी भूमिका को देश के प्रगति से देखती है. उनकी छोटी-सी भूमिका भी उनसे बहुत बेहतर है जो बड़ेबड़े वादे कर देश को लुटते रहते है और अपने सिवा किसी दुसरे व्यक्ति ,समाज व् देश के साथ इंसानियत से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है.

निम्नलिखित सम्मान से सम्मानित करते आई है ख्वाब फाउंडेशन..........

1. ***"ग्रामीण रत्न" अवार्ड*** - यह सम्मान ख्वाब फाउंडेशन द्वारा उस महान व्यक्ति को दी जाती है जो गाँव में रहते हुए गाँव-समाज के लिए वैसा कार्य किया जो एक बहुत बड़ी योगदान हो अपने देश को विकसित बनाने में. उनका कार्य जो अभी तक लोगों की नजर से ओझल है,छुपा हुआ है को उभारने की एक सकारत्मक पहल है ***"ग्रामीण रत्न" सम्मान*** .इस पहल से हम उनके किये कार्यों को लोगों के बीच पहुंचाकर एक सकारात्मक व् प्रेरणात्मक विचार को जीवित रखना चाहते है.लोगों के बीच भी ये देश-प्रेम की भावना जाग्रत हो और देश सेवा हेतु आगे आये , जो हमारे समाज व् देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी. आज देश-प्रेम जैसी भावना का विनष्ट होना ,देश के लिए एक खतरनाक संकेत है.

2. ***"मि.चंपारण" अवार्ड*** :- चंपारण एक ऐतिहासिक व् पवित्र जगह है जहाँ हमेशा से देश-सेवा व् इंसानियत के रक्षा हेतु महान बिभुतियाँ जन्म लेते रहती है ***"मि.चंपारण"***

ज़ज्बा

देश सेवा का

अवार्ड द्वारा उनकी इस भावना को सम्मान के साथ हौसला देने की प्रयास करती है. इस अवार्ड को पाने वाले चंपारण से सम्बन्ध रखते है जो राष्ट्रीय व् अन्तराष्ट्रीय स्तर तक चंपारण के नाम को रौशन किया हो.यह किसी भी क्षेत्र यथा विज्ञान, सहित्य, कला, खेल, शिक्षा ,कृषि, पत्रकारिता, समाज-सेवा आदि हो सकता है.

3. *“मिस चम्पारण” अवार्ड :-* नारी सशक्तिकरण के बिना हम बेहतर समाज की परिकल्पना नहीं कर सकते.नारी के प्रति जो समाज में अवधारणा बनी हुयी है ,ये सबको पता है, फिर भी हमसब चुप है. ख्वाब फाउंडेशन ऐसे लड़कियों को ***“मिस चम्पारण ” अवार्ड*** से सम्मानित करती है जो संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर एक नया मुकाम हासिल किया हो अथवा प्रयास कर रही हो. समाज में संतुलन बनाये रखने के लिए नारियों का सम्मान के साथ उत्थान अतिआवश्यक है.

4. *“ यंग एचीवर “ अवार्ड:-* किसी भी समाज की रीढ़ की हड्डी होता है युवा.इन युवाओं के पास काफी उर्जा है लेकिन उस उर्जा का सही इस्तेमाल सब कोई नहीं कर पाता है.जो युवा सही दशा व् दिशा मेंकार्य करता है वो सफल होता ही है, अत: हमारा सामाजिक कर्तव्य बनता है कि ऐसे युवाओं को आगे बढ़ने हेतु हौसलाअफजाई की जाये जिससे जो नहीं कर पाते है अपने उर्जा का सही इस्तेमाल, उनको भी आगे बढ़ने का हिम्मत मिले और सफल होकर अपने परिवार के साथ ,समाज व् देश की सेवा कर सके.***”यंग अचीवर अवार्ड”*** एक ऐसा ही सम्मान है, जो एक युवा को देकर सामाजिक दायित्व को निभाने का प्रयास करते है.

5. *“स्टार परफोरमर” अवार्ड:-* कहा जाता है,बच्चें देश के भविष्य होते है.देश सेवा का सबसे सशक्त माध्यम इन बच्चों की सेवा है.इन बच्चों का हौसलाअफजाई ही देश को तरक्की की तरफ ले जायेगा.सही दिशानिर्देश व् प्रेरणा बच्चों को अपने लक्ष्य तक पहुंचा सकता है***”स्टार परफ़ॉर्मर” अवार्ड*** उन छात्रों को दिया जाता है जो कठिन परिस्थितियों में रहते हुए अपनी पढई को जारी रखते हुए शानदार सफलता हासिल की हो.

ज़ज्बा

देश सेवा का

6. ***"विजनरी ऑफ़ 2020" अवार्ड***:- हमारे आस-पास ऐसे लोग रहते है जिनके बदौलत हमारे समाज में इंसानियत जिन्दा है.ये लोग गिने-चुने लोग है जो मानवता के लिए खड़े होते है और समाज के अस्तित्व को बनाये रखने में अपनी अहम् भूमिका निभा रहे है.समाज को गलत रास्ते की तरफ अग्रसर होते देख झुब्द हो चुके है.इन्हें सम्मान के साथ-साथ प्यार की काफी आवश्यकता है."***विजनरी ऑफ़ 2020" अवार्ड*** द्वारा उन्हें सम्मान के साथ प्यार देने का एक छोटा-सा प्रयास है जिससे हमारे देश की संस्कृति की रक्षा करने वाले आगे बढ़ सके और हमारा देश 2020 तक विकसित राष्ट्र बन सके.

7. ***"मेक ए डिफरेंस" अवार्ड*** :- हमारे आस-पास कुछ ऐसे लोग भी है जो छोटे लक्ष्य को अपराध मानते है. जिसके विचार को धरातल पर उतार दिया जाये तो समाज का तस्वीर बदल कर रह जायेगा.अपने स्तर पर वे ऐसे कार्य कर रहे है जो काफी रचनात्मकता के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है.हमेशा कुछ न कुछ अलग करने का सोचते रहते है और अलग करने हेतु प्रयास भी कर रहे है. ***"मेक ए डिफ़रेंस " अवार्ड*** द्वारा सोच को आगे बढ़ने हेतु एक हौसला देते है जिससे वो अपने इस "अलग करने की चाहत को पूरा कर देश सेवा कर सके.